<u>निविदा सूचना</u>

राष्ट्रीय आवास बैंक भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्दिष्ट एमआईसीआर तकनीकी का प्रयोग करते हुए मैकेनाइज्ड चेक प्रोसेसिंग के तहत जारी दिशानिर्देशों के मुद्रण हेतु भारतीय बैंक संघ (आईबीए) से अनुमोदित प्रतिष्ठित मुद्रकों से 15 हजार वारंट के मुद्रण हेतु मुहरबंद कोटेशन आमंत्रित करता है।

2. वारंट का मुद्रण भा.रि.बैंक के अद्यतित दिशानिर्देशों के अनुसार होना चाहिए।

3. यदि वेंडर द्वारा निर्धारित गुणवत्ता नियमों के साथ वारंट के वितरण की समयावधि का पालन नहीं किया जाता तो रा.आ.बैंक को मुद्रण के पूरे आदेश को रद्द करने का अधिकार होगा।

4. बैंक से आदेश की प्राप्ति के 10 दिनों के भीतर अंतिम उत्पाद रा.आ.बैंक के दिल्ली कार्यालय में वितरित किए जाएंगे।

5. इच्छुक मुद्रक मुहरबंद लिफाफे में अपनी कोटेशन प्रस्तुत करें और लिफाफे के ऊपर 'वारंट के मुद्रण हेतु कोटेशन' लिखकर महाप्रबंधक, आरएमएमडी, राष्ट्रीय आवास बैंक, कोर 5ए, तृतीय तल, भारत पर्यावास केन्द्र, लोधी रोड, नई दिल्ली – 110003 को संबोधित करते हुए रा.आ.बैंक प्रधान कार्यालय (चतुर्थ तल पर प्रेषण प्रभाग) में 28 अगस्त, 2017 तक सायं 5:00 बजे से पहले प्रस्तुत करें।

6. यदि कोटेशन उल्लिखित दिनांक एवं समय के बाद प्राप्त होती है तो उसे बिना किसी अतिरिक्त सूचना के रद्द कर दिया जाएगा। रा.आ.बैंक बिना कोई कारण बताए किसी कोटेशन को स्वीकृत या रद्द करने का अधिकार रखता है।

7. रा.आ.बैंक वेंडर का चयन करने का अधिकार रखता है। इस संबंध में अंतिम निर्णय प्रबंधन का होगा।